रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 24 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रू.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 11 नवम्बर 2025 से 17 नवम्बर 2025 तक


# लाल किले के पास भीषण धमाका, आठ की मौत और 24 घायल; देशभर में हाई अलर्ट जारी

**दिल्ली। देश की राजधानी आज फिर दहल गई जब सोमवार की सुबह लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर एक के पास एक कार में भीषण धमाका हो गया। धमाके के बाद कार में आग लग गई और उसके पास खड़ी एक से दो और गाड़ियां भी चपेट में आ गईं। धमाके की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि आसपास अफरातफरी मच गई। लोगों में भगदड़ की स्थिति बन गई। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह धमाका किसी बम के कारण हुआ या फिर कार के सीएनजी टैंक के फटने से हुआ।**



फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुटी है, वहीं दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच में लगी हैं। धमाके में अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है जबकि 24 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को तत्काल लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धमाके की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, एनआईए और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी गई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

धमाके के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। संसद भवन, ऐतिहासिक स्थलों और प्रमुख सरकारी भवनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही पड़ोसी राज्यों में भी सतर्कता के निर्देश जारी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश और मुंबई में भी हाई अलर्ट घोषित किया गया है। नोएडा और गाजियाबाद में पुलिस को विशेष निगरानी रखने और वाहनों की कड़ी चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। समाचार एजेंसियों के अनुसार, पार्किंग में खड़ी आठ गाड़ियां धमाके की चपेट में आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। आसपास के इलाकों में धुआं फैल गया और कुछ देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। फॉरेंसिक टीम धमाके के अवशेषों की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि विस्फोट किसी विस्फोटक पदार्थ से हुआ या फिर यह तकनीकी खराबी का नतीजा था। एनआईए की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है और हर कोण से मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

लाल किले के पास हुआ यह धमाका एक बार फिर राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। फिलहाल पुलिस और जांच एजेंसियां पूरी तत्परता के साथ जांच में जुटी हैं और उम्मीद है कि जल्द ही धमाके के पीछे की सच्चाई सामने आ जाएगी।

---

# हिंदूवादी नेता मनोज परमार का शाजापुर में भव्य स्वागत



### मां राजराजेश्वरी के किए दर्शन, समाज एकता और धर्म रक्षा का दिया सशक्त संदेश

**आदित्य शर्मा**

शाजापुर। अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रखर हिंदूवादी नेता श्री मनोज जी परमार का शाजापुर प्रवास उत्साहपूर्ण और ऐतिहासिक रहा। नगर के विभिन्न स्थानों पर समाजजनों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शहर "जय श्री राम-जय समाज" के नारों से गूंज उठा। परमार ने प्रवास की शुरुआत मां राजराजेश्वरी मंदिर में दर्शन कर की। उन्होंने समाज, प्रदेश और राष्ट्र की समृद्धि की कामना करते हुए कहा "समाज की एकता और धर्म की रक्षा ही हमारी असली पहचान है।"इसके बाद वे भाजपा कार्यालय पहुँचे, जहाँ जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे और नगर अध्यक्ष पं. आशीष नागर सहित अनेक पदाधिकारियों ने पुष्पहार अर्पित कर स्वागत किया। इस अवसर पर शीतल भावसार, वीरेंद्र पाटीदार, गोविंद नायक, मनोहर विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

प्रवास के दौरान श्री परमार ने महू पूरा चौराहा स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और कहा- "बाबा साहब का जीवन हमें समानता, शिक्षा और न्याय की राह दिखाता है। हमें हिंदू समाज की एकता के साथ उनके आदर्शों पर चलना चाहिए।" इसके पश्चात् श्री परमार ने हलचल न्यूज कार्यालय में पत्रकारों से भेंट की। उन्होंने कहा-"मीडिया समाज की वह शक्ति है जो जनता की सच्ची आवाज को शासन तक पहुँचाती है।" प्रवास के समापन पर समाजजनों ने उनके नेतृत्व और राष्ट्रवादी विचारधारा की सराहना की तथा पुनः शाजापुर आने का आमंत्रण दिया।

# आबकारी विभाग इंदौर की सशक्त कार्यवाही- अवैध मदिरा विक्रय एवं सेवन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई

**आदित्य शर्मा**



इंदौर। कलेक्टर जिला इंदौर श्री शिवम् वर्मा के आदेश, सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशन तथा कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल के मार्गदर्शन में, जिला आबकारी विभाग इंदौर द्वारा विभिन्न वृत्तों में अवैध मदिरा विक्रय एवं मदिरापान कराने वाले प्रतिष्ठानों पर संयुक्त रूप से सघन कार्यवाही की गई।

### वृत भोई मोहल्ला की कार्रवाई

सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री सी. के. साहू के नेतृत्व में, आबकारी उप निरीक्षक त्रिअंबिका शर्मा की टीम द्वारा वृत्त क्षेत्र भवानी नगर में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में आरोपी अर्जुन पिता सजन सिंह पवार के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी के कब्जे से चार पेटी देसी मदिरा (36 लीटर) जप्त की गई, जिसकी कुल बाजार कीमत लगभग 19,000 पाई गई। इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक प्रमोद शेठे, निशा शेखावत एवं राजू जाम्बेकर का सराहनीय योगदान रहा।

वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्रमांक-1 एवं मालवा मिल (A) की कार्रवाई- सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोज अग्रवाल,कमलेश सोलंकी के मार्गदर्शन में, आबकारी उप निरीक्षक आशीष जैन की टीम द्वारा बायपास क्षेत्र में अवैध रूप से मदिरापान कराने वाले ढाबों पर सघन कार्यवाही की गई। शनिवार एवं रविवार को की गई इस कार्रवाई में न्यू पंजाबी ढाबा, वीर द पंजाबी ढाबा, गिल ढाबा, भवानी ढाबा, भुक्कड़ ढाबा, फूलमून ढाबा, हिबिस्कस ढाबा, लालटेन ढाबा एवं न्यू सिटिंग जोन ढाबा पर छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान अवैध रूप से मदिरापान कराते पाए जाने पर कुल 20 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36(क) एवं 36(ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 15.6 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 25,200 पाई गई।

वृत्त मालवा मिल (B) एवं छावनी की कार्रवाई- आबकारी उप निरीक्षक सुनील मालवीय की टीम द्वारा बायपास क्षेत्र में अवैध रूप से मदिरापान कराने वाले ढाबों पर सघन कार्यवाही की गई। शनिवार एवं रविवार को की गई इस कार्रवाई में वीर द पंजाबी ढाबा, गिल ढाबा, हिबिस्कस ढाबा एवं शिकारवाड़ी ढाबा पर छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान कुल 8 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किए गए तथा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36(क) एवं 36(ख) के अंतर्गत 4.95 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 5,500 पाई गई। आबकारी विभाग इंदौर द्वारा ऐसे प्रतिष्ठानों पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा आगामी दिनों में भी अवैध मदिरा विक्रय एवं सेवन के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# "बिहार चुनाव धर्म-अधर्म की लड़ाई"

## सीएम डॉ. मोहन यादव का तूफानी प्रचार, कांग्रेस पर जमकर हमला

भोपाल/पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के बीच मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 6 नवंबर को बिहार के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में जोरदार प्रचार अभियान चलाया और जनता को सीधा संदेश देते हुए कहा कि यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई है।

मधुबनी जिले की बिस्फी विधानसभा और गया जिले की वजीरगंज में आयोजित चुनावी सभाओं में भारी जनसैलाब उमड़ा और सीएम ने कांग्रेस पर तीखे आरोप लगाए तथा राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मुद्दों को लेकर विपक्ष को घेरा। डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि देश का परिदृश्य बदल चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनरुत्थान की लहर है। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर और उज्जैन के महाकाल लोक का हवाला देते हुए कहा कि यह सब उस परिवर्तन का संकेत है, जो देश में चल रहा है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि वर्षों से कांग्रेस ने धार्मिक स्थलों के निर्माण में अड़चनें खड़ी कीं और वोट बैंक की संस्कृति अपनाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जैसी पार्टियां कभी सच्चे भाव से मंदिर निर्माण नहीं कर पातीं। सभा में सीएम ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर भी प्रहार किया और कहा कि विपक्ष अब हर चुनाव में झूठे आरोप और भ्रम फैला रहा है। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि मतदान के दिन ईवीएम को अपना "सुदर्शन चक्र" मानकर विरोधियों का हिसाब चुकता करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मताधिकार ही आज की जनता का सबसे बड़ा हथियार है और उसे सही दिशा में उपयोग करना जरूरी है। बिहार में विकास के एजेंडे पर बात करते हुए डॉ. यादव ने एनडीए के गठबंधन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रशासन का समर्थन करते हुए कहा कि डबल-इंजन सरकार से ही बिहार का समग्र विकास संभव है।



उन्होंने शराबबंदी, माताओं-बहनों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता और किसानों के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र कर यह स्पष्ट करने की कोशिश की कि एनडीए के शासन में सामाजिक और आर्थिक सुधार हुए हैं। सीएम ने सभा में यह भी कहा कि मध्यप्रदेश सरकार श्रीकृष्ण से जुड़े तीर्थस्थलों के विकास पर काम कर रही है और ऐसे कामों से न केवल धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वे वोट बैंक के नाम पर समाज में दरारें पैदा करते हैं और जनता को एकजुट होकर विकास के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने की आवश्यकता है। डॉ. यादव के तेज स्वर और स्पष्ट संदेश ने सभास्थलों पर बड़ी संख्या में लोगों को उत्साहित किया। राजनीतिक विश्लेषक इसे चुनावी रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं जिसमें सांस्कृतिक मुद्दों और विकास एजेंडे दोनों को समेटकर मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। बिहार में 11 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले डॉ. मोहन यादव का यह प्रचार दौरा एनडीए के अभियान को अतिरिक्त ताकत देने की मंशा रखता है।

## पार्षद प्रमोद खरे को बनाया गया यूथ कांग्रेस का प्रदेश उपाध्यक्ष

**कॉंग्रेस की नीतियों को आगे बढ़ाकर कॉंग्रेस को मजबूत करने का करूंगा कार्य :- प्रमोद खरे**

**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर :- मध्य प्रदेश यूथ कांग्रेस के द्वारा ग्वालियर के बहुत चर्चित ग्वालियर निगम वार्ड - 22 से पार्षद प्रमोद खरे को यूथ कांग्रेस के द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है , प्रमोद खरे लगातार कांग्रेस पार्टी के लिए हमेशा तत्पर रहें है. पार्षद तो प्रमोद खरे ने बहुत ही कम समय में अपने राजनीति करियर में जिले से लेकर प्रदेश और देश में भी नाम बना लिया है, यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर प्रमोद खरे ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया और कहां की प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सभी कार्यकर्ताओं का प्यार और स्नेह प्राप्त हुआ इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे यूथ कांग्रेस का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस की रीति और नीति को आगे बढ़ने का कार्य करूंगा और वरिष्ठ नेतृत्व के आशीर्वाद और मार्गदर्शन पर हमेशा कार्य करता रहूंगा और कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने का भी कार्य करूंगा, बता दे की प्रमोद खरे ग्वालियर निगम में पहली बार नगर निगम का चुनाव लड़ा था और पहली बार में ही अच्छे मतों से चुनाव जीतकर वार्ड 22 के पार्षद घोषित किए गए थे और तब से ही वार्ड में लगातार प्रगति देखने को मिल रहीं है , प्रमोद ने कहा कि जनता की सेवा करना ही मेरा लक्ष्य है।



## करैरा पुलिस ने वसूली गिरफ्तारी वारंटी को झांसी से किया गिरफ्तार

**(दीपक परमार)**करैरा : पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ (IPS) के निर्देशन में असामाजिक तत्वों एवं वर्षों से फरार स्थायी एवं वसूली गिरफ्तारी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में थाना करैरा प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह छाबई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वसूली गिरफ्तारी वारंटी रामकुमार अहिरवार पुत्र कल्लू राम (उम्र 52 वर्ष), निवासी खिरक पट्टी थाना सदर बाजार, झांसी (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया है आरोपी के विरुद्ध न्यायाधीश काजल रेनीवाल, JMFC करैरा द्वारा प्रकरण क्रमांक MJCR 143/2023 धारा 125(3) दंप्रसं (CrPC) में राखी जाटव के मामले में 90,000 की वसूली गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था गिरफ्तारी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह छाबई, सउनि शैलेन्द्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र यादव, आरक्षक मनीष कुमार एवं नरेन्द्र राजपूत की प्रमुख भूमिका रही।




# जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888


## हेलमेट जागरूकता अभियानः पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को समझाईश दी एवं हेलमेट पहने वाहन चालकों का फूल माला से किया स्वागत

**रणजीत टाइम्स**

**झाबुआ : राजेश सोनी**

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ शिवदयालसिंह के निर्देशन जिले भर के थाना क्षेत्रों में हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं, जिले के सभी थाना क्षेत्रों में इस अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों को समझाईश एवं स्वागत किया गया, पेटलावद थाना क्षेत्र के बामनिया पुलिस द्वारा चौकी प्रभारी संजय बघेल के नेतृत्व में हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं,पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत, पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट की आवश्यकता और इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया जा रहा हैं, साथ दोपहिया वाहनों पर हेलमेट लगाकर चलने वालों का पुष्पमालाओ से स्वागत भी किया जा रहा हैं अभियान में चौकी प्रभारी के साथ ए एस आई जीतेन्द्र दोहरे, हेड कांस्टेबल रविंद्र अमलियार, तोमसीह चौहान, आरक्षक विजय सोलंकी, मनीष चारेल, दिनेश डोडीयार, अनिल मोरी, रमेश डामर, लालसिंह मुजालदे आदि बल अभियान में मुख्य रूप से जुटे हुए हैं।



### हेलमेट पहनने के फायदे

पुलिस ने लोगो को बताया कि हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटना में सिर की चोटों से बचाव होता है और जान-माल की सुरक्षा होती है। उन्होंने बताया कि हेलमेट पहनना न केवल कानूनी रूप से आवश्यक है, बल्कि यह आपकी सुरक्षा के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है।

### हेलमेट पहने वाहन चालकों का स्वागत-

हेलमेट पहने वाहन चालकों का फूल माला से स्वागत किया गया, पुलिस ने हेलमेट पहनने वाले वाहन चालकों को प्रोत्साहित करने के लिए यह पहल की है, जिससे अन्य लोग भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित हों।

### जागरूकता और सुरक्षा

पुलिस अधीक्षक शिवदयालसिंह ने बताया की पुलिस विभाग का उद्देश्य है कि लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें। हेलमेट पहनना एक छोटी सी क्रिया है, लेकिन यह आपकी जान बचा सकती है। पुलिस विभाग की यह पहल सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# इंदौर: राष्ट्रगीत “वंदे मातरम”

## 150वाँ स्मरणोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**आदित्य शर्मा**

**इंदौर। राष्ट्रीय गीत “वंदे मातरम” की 150वीं वर्षगांठ स्मरणोत्सव आज इंदौर कलेक्टर कार्यालय में समारोहपूर्वक मनाया गया।**

»» मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय थे। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, डीसीपी श्री आनंद कलादगी, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार, श्री रिंकेश वैश्य, श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में सभी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सस्वर गायन किया। इस अवसर पर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और प्रोत्साहित करने का संकल्प भी लिया गया। साथ ही उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दिल्ली में दिए गए उद्बोधन को लाइव देखा। कार्यक्रम में बीएसएफ बैंड तथा कलापथक दल द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं।

पूरा वातावरण देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत हो उठा। बताया गया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत ‘वंदे मातरम्’ की 150वीं वर्षगाँठ को देशभर में आगामी 1 वर्ष तक मनाया जाएगा। सरकार ने राष्ट्रगीत ‘वंदे मातरम्’ की 150वीं वर्षगाँठ को 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया है। “वंदे मातरम्” के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए वर्षभर विविध गतिविधियाँ 4 चरणों में आयोजित होंगी। प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर तक मनाया जाएगा। द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस), तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 तक आयोजित होगा।

## ठंड ने तोड़ा 10 सालों का रिकॉर्ड, 10.3 डिग्री तक लुढ़का पारा

# कांपा शहर

**आदित्य शर्मा**

**इंदौर। ठंड ने इस साल सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नवंबर के पहले ही सप्ताह में तापमान अचानक इतनी तेजी से गिरा कि शहर ने पिछले 10 वर्षों की सबसे ठंडी नवंबर रात दर्ज की। मंगलवार देर रात पारा गिरकर 10.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात साबित हुई। मौसम विभाग के अनुसार, इस साल नवंबर के शुरुआती दिनों में ही ठंड ने वह दस्तक दी है, जो आमतौर पर 20 नवंबर के बाद महसूस की जाती थी।**

10.3 डिग्री का यह न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम रहा। दिन का अधिकतम तापमान भी घटकर 28.3 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 3 डिग्री नीचे है।



चार दिनों में ही इंदौर का तापमान 12 डिग्री से ज्यादा गिरा है। रविवार को जहां रात का न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री था, वहीं मंगलवार की रात यह 10.3 डिग्री तक लुढ़क गया। अचानक आई इस ठंड ने लोगों को sweaters, jackets और गर्म कपड़ों की तलाश में लगा दिया है।

## राहुल गांधी का मध्य प्रदेश दौरा: पचमढ़ी में कांग्रेस नेताओं को दी गई ट्रेनिंग, 2026-28 चुनावों की रणनीति संपन्न

**आदित्य शर्मा**

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी , 8 नवंबर को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर रहे हैं। वे राज्य के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में आयोजित कांग्रेस के विशेष प्रशिक्षण सत्र में शामिल होंगे। इस दौरान राहुल गांधी प्रदेशभर से आए जिला अध्यक्षों, वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने इस कार्यक्रम को पार्टी कार्यकर्ताओं में “नई ऊर्जा और दिशा” भरने वाला बताया है।

प्रशिक्षण सत्र में संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और आने वाले 2026 के निकाय चुनाव तथा 2028 के विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन किया । जानकारी के अनुसार, राहुल गांधी सुबह भोपाल से पचमढ़ी पहुंचेंगे, जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और अन्य वरिष्ठ नेता उनका स्वागत करेंगे। इसके



बाद वे पार्टी नेताओं को संबोधित किया और प्रशिक्षण सत्र के विभिन्न चरणों में भाग लेंगे। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी इस दौरे में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद और जमीनी मुद्दों पर पार्टी की रणनीति को लेकर स्पष्ट दिशा दी। पचमढ़ी का यह ट्रेनिंग कैंप कांग्रेस के लिए आने वाले चुनावी मौसम का शुरुआती बिगुल माना जा रहा है।

# मातृभूमि की आध्यात्मिक साधना है "वंदे मातरम्"

**भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जिस गीत ने सबसे प्रबल राष्ट्रीय चेतना, उत्साह और मातृभूमि के प्रति भक्ति का संचार किया है, वह है-'वंदे मातरम्'।**

बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत भारत की सांस्कृतिक, दार्शनिक, आध्यात्मिक और राष्ट्रीय चेतना का सजीव प्रतीक है। इसमें निहित भाव अपनी 'मातृभूमि के रूप में ईश्वर के दर्शन' का दार्शनिक उद्घोधन है। 'वंदे मातरम्' की रचना 7 नवम्बर 1875 को पूर्ण हुई थी, जिसका प्रकाशन बंकिमचंद्र रचित प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' में अंतिम गीत के रूप में 1882 में हुआ था। इस गीत ने सदियों से सुप्त भारत देश को जागृत किया और भारत की स्वतंत्रता में अहम योगदान दिया। यह गीत केवल राष्ट्रभक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय दर्शन, शक्ति तत्त्व और भक्ति परंपरा का गूढ़ आध्यात्मिक दर्शन भी प्रस्तुत करता है। भारतीय परंपरा में मातृभूमि को भौतिक वस्तु नहीं, बल्कि जीवंत चेतना माना गया है। अथर्ववेद में कहा गया है

## » "माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः"

अर्थात् -भूमि मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूँ। 'वंदे मातरम्' इसी पवित्र भावना का प्रकटीकरण है। यह गीत मातृभूमि की वंदना का गीत है, उस शक्ति की आराधना का गीत है, जो सम्पूर्ण जीवन को पोषित करती है। 'वंदे मातरम्' का अर्थ है-हे मातृभूमि ! तुझे प्रणाम। यह गीत पवित्र भारत भूमि को देवी स्वरूप मानकर उसकी वंदना करता है। यह भारत की आत्मा का स्वर है-एक ऐसा मंत्र जो भक्ति, दर्शन और संस्कृति-तीनों के समन्वय से उत्पन्न हुआ है। गीत की प्रथम पंक्तियाँ भारत भूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन करती हैं-

**» "सुजलाम् सुफलाम् मलयजशीतलाम् शस्यश्यामलाम् मातरम्"** अर्थात्- हे मातृभूमि ! तू जल से परिपूर्ण है, फल और अन्न से सम्पन्न है, चंदन की शीतल पवन से शीतल है और धान्य से हरित भूमि है। यह दृश्य जीवनदायिनी भारत भूमि का प्रतीक है। यहाँ 'जल', 'फल' और 'शस्य' भौतिक समृद्धि का प्रतीक हैं, जबकि 'मलयजशीतलाम्' आध्यात्मिक शांति और प्रार्थना का। इस प्रकार यह गीत हमें भौतिक और आध्यात्मिक दोनों अनुभूतियों की ओर ले जाता है। 'वंदे मातरम्' भारतीय दर्शन के दो प्रमुख तत्त्वों-अद्वैत वेदान्त और शक्ति सिद्धांत का अद्भुत संगम है।

आदि शंकराचार्य के अद्वैत वेदान्त के अनुसार » "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" -अर्थात समस्त जगत ब्रह्म की ही अभिव्यक्ति है। इस दृष्टि से भारत भूमि स्वयं ब्रह्मस्वरूपा है। जब हम 'वंदे मातरम्' कहते हैं, तो वस्तुतः हम ब्रह्मस्वरूपा प्रकृति को प्रणाम करते हैं और मातृभूमि के माध्यम से ईश्वर की आराधना करते हैं। इसी तरह 'वंदे मातरम्' में शक्ति के दर्शन भी होते हैं- » "या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमो नमः" बंकिमचंद्र ने 'वंदे मातरम्' में मातृभूमि को एक साथ दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती के रूप में प्रस्तुत किया है- » "त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी, कमला कमलदलविहारिणी, वाणी विद्यादायिनी"

अर्थात् -हे मातृभूमि ! तू दसों अस्त्र-शस्त्र धारण करने वाली दुर्गा है, कमलदल पर विचरण करने वाली लक्ष्मी है और ज्ञान देने वाली सरस्वती है। यह त्रिगुणात्मक रूप भारतीय दर्शन के शक्ति सिद्धांत का प्रतीक है। सृष्टि, स्थिति और संहार-तीनों शक्तियाँ मातृभूमि में समाहित हैं।'वंदे मातरम्' की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें राष्ट्रभक्ति और ईश्वरभक्ति में कोई भेद नहीं है। इसमें देशभक्ति को धर्म और देवभक्ति के स्तर तक उठाया गया है। मातृभूमि यहाँ साक्षात ईश्वर की अभिव्यक्ति है-» "ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति" — गीता 18/61

"ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः" इस प्रकार जब प्रत्येक हृदय में ईश्वर है, तो राष्ट्र के सामूहिक स्वरूप में भी वह विद्यमान है। मातृभूमि की वंदना भी ईश्वरभक्ति का ही रूप है। भारतीय संस्कृति में मातृत्व को सर्वोच्च आदर्श माना गया है। माता केवल जन्मदात्री नहीं बल्कि पालक, जनक और रक्षक भी होती है। 'वंदे मातरम्' में भारत माता को यही रूप दिया गया है-वह पालनकर्ता (शस्यश्यामला), प्रेममयी (सुहासिनी), वरदायिनी (वरदामात), और रक्षिका (रिपुदलवारिणी) है। 'वंदे मातरम्' हमें व्यक्तिगत जीवन से उठाकर सामूहिक चेतना और राष्ट्रीय संकल्प की ओर ले जाता है। जब कोई भारतीय 'वंदे मातरम्' कहता है, तो वह केवल अपने देश के प्रति सम्मान नहीं जताता, बल्कि अपनी मातृभूमि की आध्यात्मिक साधना करता है। स्वाधीनता आंदोलन में यह गीत राष्ट्रीय चेतना का सबसे बड़ा प्रेरक रहा है। दुर्भाग्य से मोहम्मद अली जिन्ना जैसे कट्टरपंथियों ने 'वंदे मातरम्' का विरोध किया और इसे धार्मिक असहिष्णुता से जोड़ा, जिससे इसका मूल पाठ कम कर दिया गया। आज भी कुछ लोग इसका विरोध करते हैं, जो संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है। 'वंदे मातरम्' मातृभूमि की स्तुति का गीत है। कोई भी धर्म अपनी मातृभूमि से ऊपर नहीं हो सकता। अतः इसका विरोध राष्ट्रविरोध के समान है।

## देवता भी भारत भूमि की प्रशंसा करते हैं

» "जयन्ति देवाः क्रियया सदा भूताः धन्यास्ते भारतभूमिभाग्याः"

अर्थात्-जिन्होंने भारत भूमि पर जन्म लिया, वे देवताओं से भी अधिक धन्य हैं। 'वंदे मातरम्' अपनी 150 वर्षों की यात्रा पूरी कर चुका है। इन वर्षों में यह गीत मातृभूमि की आराधना और राष्ट्रीय चेतना का सबसे बड़ा सूत्रधार रहा है। जब विश्व भौतिकता और विभाजन की प्रवृत्ति से ग्रस्त है, तब यह गीत हमें याद दिलाता है कि सच्चा राष्ट्रप्रेम भौतिक नहीं, आध्यात्मिक होता है।

'वंदे मातरम्' भारतीय दर्शन का मूल है-यह भक्ति को राष्ट्रसेवा में और राष्ट्रसेवा को आत्मसाधना में रूपांतरित करता है। यह गीत हमारे जीवन, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना का आध्यात्मिक उद्घोष है-जो कहता है कि भारत केवल एक भूखंड नहीं, बल्कि 'ब्रह्म का सजीव प्रतिमान' है।

## वंदे मातरम्।

**डॉ. जीवन एस. रजक**
**संयुक्त कलेक्टर एवं साहित्यकार**



# इंदौर रेलवे स्टेशन
## लॉन्ड्री बनी अय्याशी और शोषण का अड्डा!



**शुभम कनौजिया**

इंदौर। रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित थारू एंड संस रेलवे लॉन्ड्री लगातार विवादों में घिरती जा रही है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी के नाम पर बनाए गए आवास को कुछ कर्मचारियों ने निजी ठिकाने के रूप में उपयोग करना शुरू कर दिया है। यहां आए दिन महिलाओं से छेड़छाड़, झगड़े और आपसी विवाद की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे परिसर में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक, थारू एंड संस कंपनी गरीब मजदूरों का शोषण भी कर रही है। मजदूरों को अधिक वेतन का वादा किया जाता है, लेकिन भुगतान के समय कम राशि दी जाती है। कई श्रमिकों ने शिकायत की है कि कंपनी ने उनके मेहनताने में कटौती की है और आवाज उठाने पर उन्हें धमकाया जाता है।

हाल ही में कर्मचारियों के बीच आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि झूमाझटकी की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामला रेलवे प्रशासन के संज्ञान में आने पर अधिकारियों ने जांच प्रारंभ कर दी है। प्रशासन का कहना है कि पूरे प्रकरण की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही सच्चाई उजागर की जाएगी।

## "नर्मदेश्वर महादेव ,65 शिव मंदिर,
### लगभग 100 वर्ष प्राचीन पुराना मंदिर, कार्तिक पूर्णिमा के शुभ दिवस पर देव दिवाली का आयोजन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया गया"

**खुशबू श्रीवास्तव**



आज के दिन भीष्मपंचक व्रत की पूर्ण आहुति थी जिसमें भीष्म जी का व्रत आज ही के दिन पूर्ण हुआ था इसी उपलक्ष्य में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ दिवस पर देव दिवाली का आयोजन प्रतिवर्ष, 65 शिव मंदिर ,श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में किया जाता है महिलाएं अपने घर से दिया लाकर भगवान नर्मदेश्वर महादेव को समर्पित करती हैं, 56 भोग के साथ , महिलाएं ,रंगोली बनाती है, फूलों से पूरे मंदिर को सजाया जाता है एवं सभी श्री चिड़ार समाज के लोग यहां आपस में मिलकर भगवान भोलेनाथ एवं मां पार्वती की सालों से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन इस वर्ष भी रखा गया है आयोजन में मुख्य रूप से श्री नितिन चंदेल, श्री अभिषेक हांडे, रवि बेलिया,श्री धर्मेन्द्र हांडे ,मोहन हांडे , लीलाकिशन उस्ताद ,गब्बर गहलोत, देवेन्द्र गहलोत,जीतू शेरा विष्णु कुमार झिरवार रामेश्वर ईश्वरी दयाराम ईश्वरी कुंवरलाल ईश्वरी आशीष हांडे,जगदीश बेलिया राजू बेलिया दीपक हांडे,पप्पू पाण्डे अनिल झिरवार मनोज बेलिया , दिनेश ईश्वरी , गजानंद ( गोलू ),राजेश गौर सुभाष हांडे ब्रजमोहन ईश्वरी भरत हांडे जगदीश सांवर आदि समाजजन शामिल रहे सभी समाजजनों ने देव दिवाली पर समाज एकता का संकल्प लिया।

# आबकारी विभाग इंदौर की सशक्त कार्यवाही घेराबंदी कर अवैध मदिरा सहित वाहन जप्त

**रणजीत टाइम्स**
**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर जिला इंदौर शिवम वर्मा के आदेश, सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन तथा कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल,उड़नदस्ता प्रभारी कमलेश सोलंकी के द्वारा टीम गठित कर दिनांक 05.11.2025 को वृत्त आंतरिक क्षेत्र-01 के प्रभारी आशीष जैन की टीम द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी एवं निर्णायक कार्यवाही की गई।



प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा सघन घेराबंदी कर तीन पहिया वाहन (ऑटो) क्रमांक MP09-RA-8722 को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर 06 पेटी विदेशी मदिरा अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाई गई, जिस पर आरोपी दिलीप पिता उमराव को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। मदिरा एवं वाहन को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं (2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जप्त मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 2,40,828/- आंका गया है।

यह कार्रवाई आबकारी विभाग इंदौर के सतत विशेष अभियान का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत अवैध मदिरा के परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर कड़ा नियंत्रण एवं निरंतर निगरानी रखी जा रही है। आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक मुकेश रावत, वीरेंद्र पटेल, विपुल खरे, नर्मदा अलावा एवं नितिन सोनी का सक्रिय एवं सराहनीय योगदान रहा।

# फिल्म हक पर रोक से हाई कोर्ट का इंकार



**इंदौर।** फिल्म हक के रिलीज किए जाने पर रोक से हाई कोर्ट ने इंकार कर दिया। जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच ने इसे लेकर दायर याचिका खारिज कर दी। दो दिन तक बहस चली। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। फिल्म निर्माता की ओर से एडवोकेट एच वाय मेहता ने तर्क रखे थे। हाईकोर्ट में शाहबानो की बेटी सिद्दीका बेगम खान ने यह याचिका दायर की थी।

# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ के पूर्व प्रकरण में एक और आरोपी गिरफ्तार

**रणजीत टाइम्स**
**आदित्य शर्मा**

आरोपी ऑनलाइन माध्यम से ऑर्डर लेकर करता था सप्लाई आरोपी ने पूछताछ में अच्छा कमीशन मिलने के लालच में मादक पदार्थ सप्लाई करने का कार्य कबूला। आरोपी परवेज टीन चादर की दुकान की आड़ में कर रहा था मादक पदार्थ सप्लाई का काम।

**अपराध क्रमांक**
**192/2025 , धारा- 8/22**

## आरोपी का नाम

1. परवेज खान नि. धार

घटना का विवरण :- इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय-विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है, इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा पूर्व प्रकरण में एक और आरोपी को चिन्हित कर गिरफ्तार किया है । आरोपी जिला धार का रहने वाला है एवं ऑनलाइन ऑर्डर लेकर इंदौर शहर के मादक पदार्थ विक्रेताओं को माल उपलब्ध करवाता था। "क्राइम ब्रांच इंदौर द्वारा आरोपी को साइबर टीम की तकनीकी सहायता एवं मुखबिरी के आधार पर चिन्हित कर गिरफ्तार



किया गया है।" "प्रकरण में पूर्व में आरोपी 1.शहीम पिता सलीम खान, निवासी बेटमा, इंदौर तथा 2. मोहम्मद शारिक पिता मोहम्मद शकील, निवासी बेटमा,इंदौर को गिरफ्तार किया गया था जिनसे 22 ग्राम अवैध मादक पदार्थ MD ड्रग्स एक पन्नी में बरामद किया गया था।

## पुलिस कार्यवाही

आरोपी मोहम्मद सदीक एवं सहीम खान जो पूर्व में गिरफ्तार हुए थे परवेज निवासी बाल छाबड़ा जिला धार के माध्यम से जावरा से एमडी ड्रग खरीद कर इंदौर में बेचते थे "परवेज को NDPS एक्ट की धारा 29 में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस रिमांड लेकर उससे पूछताछ की जाएगी, जिसमें अन्य आरोपियों के संबंध में जानकारी मिलने की संभावना है।" अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# इंदौर पुलिस की असामाजिक तत्वों व संदिग्धों पर निगरानी हेतु हाई-टेक ड्रोन पेट्रोलिंग लगातार जारी

## पुलिस टीमो द्वारा ड्रोन के माध्यम से की गई हॉटस्पॉट व शैडो एरिया में सघन चैकिंग व पेट्रोलिंग







पुलिस की विशेष चैकिंग में कई संदिग्ध और नशाखोर भी पकड़ाए। थाना द्वारिकापुरी ने ड्रोन पेट्रोलिंग से अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वाले एक संदिग्ध को पकड़ की NDPS एक्ट की कार्यवाही

**रणजीत टाइम्स**
**आदित्य शर्मा**

इंदौर- शहर में अपराधों पर नियंत्रण व बेहतर पुलिसिंग हेतु असामाजिक तत्वों व बदमाशों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी के लिए, इनके हॉटस्पॉट व शैडो एरिया में विशेष निगरानी तथा चेकिंग एवं पेट्रोलिंग के दौरान ड्रोन का उपयोग कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों पर चारों जोन के डीसीपी के मार्गदर्शन मे शहर के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा सघन चैकिंग और पेट्रोलिंग की जा रही हैं तथा इसे और प्रभावी कर आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन व कैमरों के द्वारा भी अवैधानिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी की जा रही हैं।

## इस कड़ी मे जोन-02

»» थाना लसुडिया क्षेत्रांतर्गत स्कीम नंबर 78, बावड़ी हनुमान मंदिर द हब एरिया एवं आस पास के हॉटस्पॉट एरिया मे पुलिस द्वारा ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई एवं कई संदिग्धों से पूछताछ की गई । थाना खजराना क्षेत्रांतर्गत टास्कस चौराहा, स्कीम 94 रोबोट चौराहा, धीरज नगर एवं आस पास के हॉटस्पॉट एरिया मे पुलिस द्वारा ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई एवं कई संदिग्धों से पूछताछ की गई।

**थाना विजय नगर**

»» क्षेत्रांतर्गत स्कीम नंबर 54, अपोलो अस्पताल से भण्डारी अस्पताल एवं सत्य साई चौराहे के आसपास के सुनसान इलाकों शराब दुकानों गुमटियों पर पैनी नजर रखी गई ।

**थाना एमआयजी**

»» क्षेत्रांतर्गत हॉटस्पॉट एरिया नादिया नगर, संजय गांधी नगर, स्वर्ण बाग कॉलोनी क्षेत्रो मे ड्रोन पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों संदिग्धों से पूछताछ की गई एवं खुले मे नशा करने वालों पर कार्यवाही की गई।

**थाना परदेशीपुरा**

»» क्षेत्रांतर्गत सभी सुनसान इलाकों हॉटस्पॉट एरिया एवं शराब दुकान गुमटियों, छोटी छोटी गली मोहल्लों टापू नगर कुलकर्णी का भट्टा पर बारीकी से ड्रोन पेट्रोलिंग की गई इस दौरान कई संदिग्ध लोगों पर नजर रख, खुले मे नशा करने वाले लोगो को पकडा गया।

## जोन-03

»» थाना बाणगंगा क्षेत्रान्तर्गत बाणेश्वरी कुंड, महाराणा प्रताप खेल संकुल, वृंदावन कॉलोनी और बाल्मीकि नगर पानी की टंकी के पीछे आदि हॉटस्पॉट पर विशेष चेकिंग की गई और ड्रोन की जरिए निगरानी की गई।

## जोन-01

»»थाना मल्हारगंज क्षेत्र के शेडो एरिया जिंसी हाट, कसेरा बाखल, पंचकुइया आदि में संदिग्धों को चेक किया गया थाना आजादनगर में हॉट स्पॉट व शैडो एरिया चेकिंग।

## जोन-04

»» थाना द्वारकापुरी क्षेत्र में ड्रोन द्वारा शैडो एरिया तथा हॉटस्पॉट पर ड्रोन सर्विलांस से चेकिंग व निगरानी की गई। इस दौरान विदुर नगर क्षेत्र में ड्रोन द्वारा शैडो एरिया में चेंकिंग करने पर एक संदिग्ध गांजे का सेवन करते हुए मिला, जिस पर थाना द्वारिकापुरी द्वारा आरोपी के विरुद्ध 8/27 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई । चैकिंग व पेट्रोलिंग के साथ आम नागरिकों के साथ मोहल्ला मीटिंग कर जनसंवाद भी किया गया। पुलिस द्वारा ड्रोन पेट्रोलिंग के माध्यम से शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

# इंदौर : क्वींस कॉलेज

## जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन के तहत विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया



**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर | तेजाजी|क्वींस कॉलेज ऑडिटोरियम में पुलिस अधिकारी बच्चों से बातचीत करते हुए, छात्र-छात्राएं ध्यान से सुनते हुए) कार्यक्रम में एडिशनल DCP और तेजाजी नगर थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहे। उन्होंने छात्राओं को सतर्कता, आत्मरक्षा, और गुड टच-बैड टच जैसे अहम विषयों पर जानकारी दी।

### कार्यक्रम की शुरुआत

राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के साथ शुरू हुआ एडिशनल DCP द्वारा बताया की हमारा उद्देश्य है कि बच्चे और खासकर छात्राएं जागरूक रहें, ताकि किसी भी प्रकार की हिंसा या छेड़छाड़ की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दे सकें और पुलिस की मदद लें।"पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को बताया कि किसी भी असामान्य स्थिति में वे तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100 या 1090 पर संपर्क कर सकते हैं। इंदौर पुलिस द्वारा इस तरह के जन-जागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, ताकि समाज में जेंडर समानता और सुरक्षा की भावना को मजबूत किया जा सके। कर्यक्रम मे तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा जी क्वीन कॉलेज के प्राचार्य भी मौजूद रहे।

# कैंसर प्रबंधन में आध्यात्म, योग एवं आयुर्वेद चिकित्सा पर राष्ट्रीय कार्यशाला



इंदौर। शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर कैंसर मैनेजमेंट थ्रू भगवत गीता, योग एवं आयुर्वेद विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया , जिसमें वक्ता के रूप में डॉ अखलेश भार्गव, आयुर्वेद कैंसर विशेषज्ञ, डॉ निशा जोशी योग एवं आध्यात्म विशेषज्ञ, डॉ सुधीर कटारिया ऑंकोलॉजिस्ट के द्वारा अपने विचार रखे गये, कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ एस के नायक ने बताया कि पिछले कई वर्षों से अस्पताल में कैंसर की यूनिट संचालित है एवं हजारों मरीज आयुर्वेद से कैंसर का इलाज लेने आते हैं, कैंसर के मरीजों को और अधिक राहत देने के लिए एवं उनके मानसिक बल को बढ़ाने के लिए योग,आयुर्वेद अध्यात्म और दर्शन चिकित्सा के संयुक्त प्रबंधन के द्वारा अधिक राहत दी जा सकेगी, इसके लिए एक यूनिट की स्थापना की जाएगी। कार्यशाला में शहर के आध्यात्म विशेषज्ञ एवं कैंसर के मरीज भी उपस्थित रहें और अपने विचार रखें, कैंसर के मरीज ने आयुर्वेद के द्वारा ली जाने वाली प्रभावी चिकित्सा के फायदे बताये, अध्यात्म द्वारा कैंसर के प्रबंधन पर प्रदेश में ऐसी पहली राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्वेता वर्मा के द्वारा किया गया, कार्यशाला में ऑनलाइन माध्यम से देश एवं विदेश के लोग भी जुड़ें, डॉ निशा जोशी ने बताया कि हमारा कर्म चिकित्सा लगातार करना चाहिए और अच्छे कर्म के द्वारा किया गया फल भी अच्छा प्राप्त होता है, डॉ कटारिया ने बताया कि हमें संयुक्त चिकित्सा पद्धति द्वारा मरीजों को राहत पहुंचाना चाहिए।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का दिल्ली से सीधा प्रसारण को देखा

# पिछोर छत्रसाल महाविद्यालय में विधायक की उपस्थिति में मनाई गई "वंदे मातरम्" गीत की 150 वीं वर्षगांठ

**रणजीत टाइम्स »» जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) भारत सरकार द्वारा 07नवंबर 2025 शुक्रवार को समूचे भारत देश में "वंदे मातरम"की 150 वीं वर्षगाँठ मनाई जा रही है,इसी क्रम में आज पिछोर शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय में प्रातः 9 :30 बजे से वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि पिछोर क्षेत्रीय विधायक माननीय प्रीतम सिंह लोधी थे!

विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की !इसके तत्पश्चा "वंदे मातरम" गीत का गायन किया गया, प्रातः10:00 बजे से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र




मोदी जी के कार्यक्रम का दिल्ली से सीधा प्रसारण को सभी के द्वारा देखा गया ओर सुना गया! इस मौके पर अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ एन. एस.नरवरिया, तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर,विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता,बी.डी.ओ. रामपाल बघेल, विकास भार्गव,विधायक प्रतिनिधि के.पी. कुशवाह सहित अधिकारी कर्मचारीगण आदि उपस्थित थे!

एसडीएम श्रीमती ममता शाक्य द्वारा जानकारी देते हुए बताया की है यह कार्यक्रम चार चरणों में चलेगा प्रथम चरण जो आज 07 से 14 नवंबर तक चलेगा,द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस),तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा अंतिम चौथा चरण 01 से 07 नवंबर 2026 जो कि समापन सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा,इन आयोजनों में सभी स्तरों पर आम नागरिकों की सहभागिता के साथ-साथ विद्यालय-महाविद्यालय छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी- कर्मचारी,पुलिसकर्मियों -डॉक्टर,शिक्षकों,व्यवसायीगण एवं अन्य सभी प्रकार के सामाजिक संगठनों के लोगों की इस कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित रहेगी!

08 नवंबर को प्रत्येक ग्राम पंचायत में वंदे मातरम गीत के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी लोगों की उपस्थिति की सहभागिता रहेगी,इसके साथ ही 10 नवंबर को प्रातः10:00 बजे से नगरीय निकायों में वंदे मातरम गीत का गायन सभी जगह किया जाएगा इन सभी कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि भाग लेंगे, तथा मुख्य रूप से यह संकल्प भी लेंगे कि हम सभी देश, प्रदेशवासी "स्वदेशी अपनाएं"अंत में अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ एन.एस.नरवरिया द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया!

# मंडी में ई-टोकन के नाम पर लूट का धंधा

## खाद वितरण केंद्र पर खुलेआम भ्रष्टाचार-किसानों से वसूले जा रहे 50-50 रुपये, वीडियो बना सबूत




**सूर्या परमार**




शुजालपुर कृषि उपज मंडी के पास स्थित मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन केंद्र शुजालपुर मंडी में किसानों की जेब पर डाका डालने का खेल खुलकर चल रहा है। केंद्र में समिति द्वारा हर किसान से ई-टोकन बुक कराने के नाम पर 50 रुपये प्रति टोकन की अवैध वसूली की जा रही है। मंडी गेट पर एक युवक को बैठाया गया है, जो हर किसान से 50 रुपये लेकर व्हाट्सएप के जरिए अंदर बैठे कर्मचारी को टोकन भेजता है, फिर अंदर से प्रिंट निकालकर सेल्समैन को दिया जाता है-तभी किसान को खाद मिलती है। यानी बिना पैसे दिए टोकन नहीं, और बिना टोकन के खाद नहीं!

### किसानों का आरोप है




"सरकार ने तो खाद वितरण और टोकन दोनों को निःशुल्क किया है, लेकिन शुजालपुर केंद्र पर ये आदेश सिर्फ कागजों में हैं, हकीकत में तो किसानों से जबरन पैसे वसूले जा रहे हैं।" सूत्रों के मुताबिक इस पूरे खेल में केंद्र के कर्मचारी से लेकर समिति तक की गहरी मिलीभगत है। किसानों का कहना है कि उन्होंने इस गोरखधंधे का वीडियो सबूत भी तैयार कर लिया है, जो यह साबित करता है कि विपणन केंद्र में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है।

### अब बड़ा सवाल यह है कि

क्या सहकारी विभाग और कृषि अधिकारी इस पर कार्रवाई करेंगे? या फिर "मंडी माफिया" किसानों की जेब यूं ही काटते रहेंगे?

राष्ट्रीय गीत

# वंदे मातरम

## 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित प्रतिदिन अनुसार कल शुक्रवार के कार्यक्रम से हुआ शुभारंभ



**दिलीप पाटीदार**

सरदारपुर/धार। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम जो की 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आज वंदे मातरम राष्ट्रगीत से ठीक 9:30 बजे पर शुभारंभ किया! उक्त आयोजन जनपद पंचायत सरदारपुर में एसडीएम महोदया सुश्री सलोनी अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं श्री मुकेश बामनिया तहसीलदार के निर्देशन किया गया . जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी अश्विनी दीक्षित ने बताया कि कार्यक्रम में खेल परिसर छात्रावास के छात्र, मॉडल स्कूल छात्रावास के छात्र-छात्राएं ,सीनियर बालिका अनुसूचित जनजाति छात्रावास की छात्राएं सम्मिलित हुई!

कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी विष्णु रघुवंशी, खेल परिसर प्रभारी संजय दीक्षित, छात्रावास अधीक्षक नरेंद्र दांगी, छात्रावास अधीक्षक श्रीमती कुसुम पटेल , छात्रावास अधीक्षक राजेश झाणिया, कैलाश कन्नौज, सुरेश जमरे adeo जनपद पंचायत एवं अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजस्व अर्जन लक्ष्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने दिए निर्देश

**दिलीप पाटीदार**

धार। जिले में राजस्व अर्जित करने के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों और उनकी वर्तमान पूर्ति की स्थिति की समीक्षा हेतु संबंधित विभागों के कार्यालय प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक से वर्चुअली जुड़े कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बैठक में विभागवार प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि राजस्व संग्रहण प्रशासनिक कार्यों की गति और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी विभाग निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य पूर्ति का रोडमैप तैयार कर कार्यवाही करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, नियमित फील्ड मॉनिटरिंग और पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर दिया।बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिन विभागों की राजस्व वसूली अपेक्षा से कम है, वे कमी के कारणों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम तुरंत लागू करें।



कलेक्टर ने सम्पत्ति पंजीयन, भूमि राजस्व, खनिज, परिवहन, आबकारी और अन्य राजस्व घटकों की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में विभागों के कार्यालय प्रमुखों ने जारी कार्यों के बारे में प्रस्तुति दी और आगामी अवधि में लक्ष्य प्राप्ति की रणनीति साझा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे।

# गुरु के श्रीचरणों में समर्पित हुए बगैर आत्मतत्व प्राप्त नहीं हो सकता

रणजीत टाइम्स



गुरु नानक देव आत्मसाक्षात्कारी संत थे। वे कहते थे आत्मस्वरूप ओमकार प्रधान है। आत्मस्वरूप या परमात्मस्वरूप इस संपूर्ण ब्रह्मांड का कर्ता, कर्विता और भोक्ता भी है। वह आत्मस्वरूप कालातीत, निर्भय, अविकारी, आदि, अनादि अयोनिज (अर्थात किसी भी योनि से न जन्मे हुए) और सत्यस्वरूप है। परमात्मा के इस आत्मस्वरूप को हम कैसे प्राप्त कर सकते हैं? तो वे उत्तर देते हैं "गुरुप्रसाद '' अर्थात गुरु के श्रीचरणों में समर्पित हुए बगैर वह आत्मतत्व हमें प्राप्त नहीं हो सकता। वह आत्मतत्व गुरुप्रसाद है। गुरुनानक देव सभी को समान उपदेश देते थे। एक बार 'नवाब साहब के यहाँ, मेहमान बनकर गये। नवाब साहब बोले आप तो महान संत हैं। हिंदू और मुसलमानों में भेद नहीं करते, तो आज चलिये, हमारे साथ, नमाज पढ़िये। गुरुनानक देव नवाब साहब से बोले, केवल एक शर्त पर ! जब मैं नमाज पढ़ूं तब आपको भी मेरे साथ नमाज पढ़नी पड़ेगी। है मंजूर ? नवाब साहब बोले , मैं तो नमाज पढ़ने ही जा रहा हूं, तो नमाज पढ़ूंगा ही । तत्कालीन 'समाज मे सर्वत्र चर्चा फैल गयी कि गुरुनानक देव मस्जिद में नमाज पढ़ने जा रहे हैं। नवाब भी गुरुनानक जी के साथ मस्जिद गये। नवाब साहब ने नमाज पढ़ी परंतु देव खड़े ही रहे, उन्होंने नमाज नहीं पढ़ी । नवाब साहब देख रहे थे कि ,नानकदेव नमाज नहीं पढ़ रहे हैं। नमाज अदा हो गयी और नवाब साहब आग बबूला हो गये, बोले नानक तुम झूठे हो , तुमने अपना शब्द नहीं निभाया | गुरुनानकदेव बोले, मेरी ये शर्त थी कि , जब आप नमाज पढेंगे तभी मैं नमाज पढ़ूंगा। आपने तो नमाज पढ़ी ही नहीं , नबाब और बौखला गये ,बोले पूरी मस्जिद साक्षी है की मैनें नमाज पढ़ी। 'नानक' देव बोले, जब नमाज पढ़ी जा रही थी तब आप काबुल में घोड़े खरीद रहे थे | नवाब साहब सकपका गये। सचमुच में नवाब का एक घोड़ा मर गया था और वे सोच रहे थे कि अब काबुल में जाकर उसी नस्ल के घोड़े खरीदेंगे। गुरुनानक देव बोले जब हम नमाज पढ़ते हैं तो अल्लाह की भक्ति में पूर्णतः लीन हो जाते हैं, निर्विचार हो जाते हैं। प. पू. श्री माताजी प्रणित सहजयोग में जब साधक को आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तो पहले ही दिन कुछ क्षण के लिये ये 'निर्विचारिता' साधक को प्राप्त हो जाती है। धीरे-धीरे नियमित ध्यान से यह स्थिति सुदृढ़ होती जाती है। सहजयोग की अधिक जानकारी टोल फ्री नंबर 18002700800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क ध्यान पद्धति है।

# इंदौर में युवक की चाकू मारकर हत्या:KTM शोरूम के पास पड़ा मिला, अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में मौत

**इंदौर में सोमवार रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वह हीरानगर में गंभीर हालत में पड़ा था।**

सूचना मिलते ही टीआई सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। उसे तुरंत एमवाय भेजा गया। इस दौरान रास्ते में उसकी



मौत हो गई। हीरानगर टीआई सुशील पटेल के मुताबिक मृतक का नाम कालू उर्फ शुभम है। करीब सोमवार रात 11 बजे उसके केटीएम शोरूम के पास घायल होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो उसके शरीर पर चाकू के निशान थे। अभी मृतक के बारे में इतनी ही जानकारी आई है। वहीं, आरोपियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस आसपास के इलाके में शुभम के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है।

# भिक्षावृक्ति रोकने हेतु इंदौर में फिर से लागू, भारतीय न्याय संहिता की प्रतिबंधात्मक धारा 163



दीपक वाड़ेकर

नवीन कलेक्टर शिवम वर्मा ने आते ही इंदौर में भिक्षावृक्ति अभियान को नई दिशा प्रदान करते हुए पूरी ऊर्जा से भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान चलाएं जाने हेतु जहां सभी प्रकार के प्रबंध किए हैं वही इंदौर राजस्व सीमा के अंतर्गत चौथी बार फिर से भारतीय न्याय संहिता (भारतीय नागरिक संहिता 2023) की धारा 163 लागू कर दी है कलेक्टर महोदय ने अपने हस्ताक्षर से 30 अक्टूबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक के लिए फिर से प्रतिबंधात्मक धारा 163 जारी कर दी। ज्ञात हो कि पूर्व में भी यह धारा तीन बार इंदौर में लगाई जा चुकी है जिसके चलते भिक्षावृक्ति करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की गई है भिक्षा लेने एवं भिक्षा देने दोनों को प्रतिबंधित करते हुए भिक्षा देने वालों पर भी FIR कराई गई है, अभी वर्तमान में लगातार भिक्षावृत्ति अभियान के तहत कार्यवाहियां की जा रही है महिला बाल विकास विभाग के दलों के द्वारा सुबह से शाम तक सभी चौराहों मंदिरों एवं गलियों में निगरानी कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है एवं प्रतिदिन भिक्षावृत्ति करने वालों को रेस्क्यू कर पुनर्वास केंद्र भेजा जा रहा है भिक्षावृत्ति करने वालों पर कानूनी कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर महोदय ने भारतीय नागरिक अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत भिक्षावृत्ति को पूर्ण प्रतिबंध करते हुए आदेश जारी किया है।

""इंदौर में किसी भी प्रकार की भिक्षावृक्ति को पूर्ण प्रतिबंध किया जाता है भिक्षुकों को भिक्षा स्वरूप कुछ भी देना या उनसे किसी भी प्रकार का सामान खरीदना प्रतिबंधित किया जाता है जो व्यक्ति भिक्षकों को भिक्षा स्वरूप कोई भी चीज प्रदान करता है या देता है या कोई सामान खरीता है तो उस व्यक्ति के विरुद्ध भी इस आदेश के उल्लंघन के लिए कानूनी कार्यवाही की जाएगी"।

इंदौर में फरवरी 2024 से महिला बाल विकास विभाग के द्वारा लगातार भिक्षावृत्ति उन्मूलन के प्रयास जारी है और इस अभियान के तहत इंदौर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने में शासन को काबिले तारीफ सफलता भी हासिल हुई है, जहां इंदौर में हर मंदिर चौराहा में भिक्षावृत्ति करने वालों की भीड़ दिखाई देती थी आज चोरी छुपे एक या दो लोग ही दिखाई पड़ते हैं जो कि शासन के प्रयासों को दर्शाता है l कलेक्टर महोदय के जारी इस आदेश से यह निश्चित हो गया है कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा और आगामी समय में इस संबंध में और भी कार्यवाहियां होगीइंदौर भारत का ऐसा पहला शहर है जो भिक्षावृत्ति मुक्त शहर के रूप में संपूर्ण देश में जाने-जाने लगा है जिस तरह इंदौर ने स्वच्छता में अपनी पहचान बनाई थी उसी तरह आज इंदौर भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान में अपनी पहचान बना रहा है, महिला बाल विकास अधिकारी श्री रजनीश सिंन्हा जी का कहना है कि इंदौर की जनता हर अभियान और कार्यवाही में हमेशा अग्रणी रहती है और शासन को पूरा समर्थन प्रदान करती है तो उम्मीद है कि इस अभियान में भी जनता का पूरा सहयोग मिलेगा और जनता के द्वारा भिक्षावृत्ति को पूर्ण प्रतिबंध करने में अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा. भिक्षावृत्ति ऐसी सामाजिक समस्या है जिसमें अनेक बच्चों का बचपन छीन जाता है न केवल वह कुपोषण बल्कि चोरी ड्रग्स एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी आसानी से शामिल हो जाते है. इसलिए शासन के द्वारा" भिक्षा नहीं शिक्षा दो" पर फोकस किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )